तालेडा

न्यायालय उपखण्ड अधिकारी केशोरायपाटन जिला (बून्दी)

पीठासीन अधिकारी श्री मोहम्मद ताहीर R.A.S

मिसल नं0	तारीख दायर	तारीख फैसल
64/प्रा0पत्र/2019	24.06.2019	09.09.2019

1. सिद्धान्त कोठारी पुत्र सुनील कोठारी जाति जैन निवासी पुराना खजाना सिविल लाईन्स कोटा जिला कोटा (राज0)
2. सुश्री श्रुति कोठारी पुत्री सुनील कोठारी जाति जैन निवासी पुराना खजाना सिविल लाईन्स कोटा जिला कोटा जर्ये मुख्तार आम मनोज कोठारी आ0 प्रेमचन्द जाति जैन निवासी प्रेम भवन, इन्द्रा विहार कोटा जिला कोटा (राज0)

...प्रार्थीगण

बनाम

राजस्थान राज्य जर्ये तहसीलदार तालेडा जिला बून्दी (राज0)

.........अप्रार्थीगण

उपस्थित अभिभाषक

अधिवक्ताःप्रार्थीः— श्री नन्द सिंह

अधिवक्ता अप्रार्थीगणः—

— : : निर्णय : : —

प्रार्थना पत्र अन्तर्गत धारा— 111, 128 भू—राजस्व अधिनियम

संक्षेप में प्रार्थी ने प्रार्थना पत्र प्रस्तुत कर निम्न तथ्य निवेदन किये किः—

1. प्रार्थीगण के संयुक्त खातेदीरी अधिकार की कृषि भूमि खसरा संख्या 1693/194 रकबा 5 बीघा वाके ग्राम नोताडा भोपत तहसील तालेडा जिला बुन्दी राजस्थान मे विस्थित है।
2. यह कि प्रार्थीगण की उक्त भूमि की सीमाओं से संबंधित विवाद है। तथा ऐसी सीमा संबंधित विवादो का विनिश्चय के लिए लेण्ड रेवेन्यू एक्ट 1956 की धारा 111 एवं 128 मे व्यवस्था की गई है, जिसके तहत सीमाओ के संबंध मे किसी विवाद की दशा मे भूमि अभिलेख अधिकारी जहाँ तक सम्भव हो विद्यमान सर्वेक्षण नक्शो के आधार पर या ऐसे नक्शे उपलब्ध ना तो वहाँ वास्तविक कब्जे के आधार पर करेगा। साथ ही मे भूमि अभिलेख अधिकारी संक्षेप जांच करके यह सुनिश्चित करेगा कि कौनसा पक्षकार कब्जे का सर्वोत्तम हकदार है और तब तद्नुसार सीमा निश्चित करेगा।
3. यह की प्रार्थीगण के द्धारा तहसीलदार साहब तालेडा को सीमाज्ञान बाबत आवेदन किया गया था। परन्तु प्रार्थीगण उक्त सीमाज्ञान से संतुष्ठ नही है। इसलिए प्रार्थीगण माननीय न्यायालय से लेण्ड रेवेन्यू एक्ट की धारा 111,128 के तहत प्रार्थना पत्र मे वर्णित कृषि भूमि का सर्वेक्षण (पत्थरगडी) करवाना चाहते है। जिसके लिए अप्रार्थी को आदेशित किया जाना न्याय हित मे अति आवश्यक है। साथ ही मे प्रार्थीगण वैकल्पिक रूप से जी.पी.एस. टेक्नोलोजी से भी भूमि का नाम कराने को तैयार है। जिसका खर्चा भी नियमानुसार अदा करने को तैयार है।
4. यह कि भूमि की वास्तविक सर्वेक्षण के अभाव मे समस्याओ का सामना करना पड रहा है। इसलिए भूमि का उपरोक्त अनुसार सर्वेक्षण करना अति आवश्यक है।
5. यह कि प्रार्थना पत्र मे वर्णित भूमि श्रीमान के न्यायालय के क्षैत्राधिकार मे होने के करण न्यायालय को प्रार्थना पत्र को सुनने व निर्णय करने का क्षैत्राधिकार प्राप्त है।

उप खण्ड अधिकारी
तालेडा

Scanned by CamScanner

प्रार्थना पत्र समुचित कार्ट फीस पर मय तलबाने के प्रस्तुत है।

अतः श्रीमान के प्रार्थना है। कि प्रार्थी का प्रार्थना पत्र स्वीकार फरमाकर तहसीलदार तालेडा को आदेशित फरमावे कि कृषि भूमि खसरा संख्या 1693/194 रकबा 5 बीघा वाके ग्राम नोताडा भोपत तहसील तालेडा जिला बून्दी राजस्थान का सर्वेक्षण जी.पी.एस. टेक्नोलोजी अथवा पत्थरगढी से सर्वेक्षण किया जावे तथा सीमा चिन्ह निर्धारित किया जावे।

प्रार्थना पत्र को दर्ज रजिस्टर कर अप्रार्थी जरिये पेराकार सरकार को जरिये सम्मन तलब किया गया। अप्रार्थी की और से कोई जवाब प्रार्थना पत्र पेश नही करने से उनके विरूद्ध एकतरफा कार्यवाही की गई।

साक्ष्य में प्रार्थी की और से नकल जमाबन्दी खाता सं0 414 ग्राम नोताडा भोपत संवत् 2072–75, नकल नक्शा ट्रेस ग्राम नोताडा भोपत, मुख्तार नामा आम नोटेरी शुद्धा दिनांक 27.04.2015 की प्रति पेश की।

बहस प्रार्थी अधिवक्ता सुनी गई। पत्रावली का अवलोकन किया। पत्रावली में संलग्न साक्ष्य दस्तावेज नकल जमाबन्दी खाता सं0 414 ग्राम नोताडा भोपत संवत् 2072–75, में प्रार्थीगण सिद्धांत कोठारी आ0 सुनील कोठारी, श्रुति कोठारी पुत्री सुनील कोठारी जाति जैन नि0 पुराना खजाना सिविल लाईन कोटा हाल नि0 राजश्रीनगर खरिया खंजार तह0 गोपालगढ़ जिला जोधपुर खातेदार दर्ज रिकार्ड है, जो कि प्रार्थीगण के खातेदारी की भूमि है, जिस पर प्रार्थी को नियमानुसार पत्थर गढी करवाने का कानूनन अधिकार है। अतः प्रार्थीगण का प्रार्थना पत्र स्वीकार किया जाकर तहसीलदार तालेडा को आदेशित किया जाता है कि नियमानुसार 1000/–रू पत्थर गढी शुल्कः राजकोष में जमा कर प्रार्थीगण की उपस्थिति में कृषि भूमि खसरा सं0 1693/194 रकबा 5 बीघा वाके ग्राम नोताडा भोपत का जी.पी.एस. टेक्नोलोजी से सीमाओ का निर्धारण कर पत्थर गढी की जावे, जी.पी.एस. टेक्नोलोजी का खर्चा नियमानुसार प्रार्थीगण स्वयं वहन करेगें।

यह निर्णय आज दिनांक 09.09.2019 को मेरे द्वारा टंकित कराया जाकर सरेइजलास सुनाया गया।

उपखण्ड अधिकारी
तालेडा

उपखण्ड अधिकारी
तालेडा

उपखण्ड अधिकारी तालेडा जिला बून्दी

Scanned by CamScanner